# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/06/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** एक बेईमान दुकानदार दावा करता है कि वह 1 kg चावल प्रति kg क्रय मूल्य पर बेचता है। वास्तव में, वह चावल खरीदते समय 1200 g के बाट का उपयोग करता है और बेचते समय 840 g के बाट का उपयोग करता है। दुकानदार को कुल कितने प्रतिशत का लाभ होता है?
(परिणाम को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

**Ans**
✗ A. 41.78%
✗ B. 43.44%
✗ C. 40.33%
✓ D. 42.86%

**Q.2** प्रारंभ में एक लैपटॉप की कीमत $1,200 थी। एक सेल के दौरान, कीमत में पहले 20% की कमी की गई और फिर नई कीमत पर 15% की अतिरिक्त छूट दी गई। लैपटॉप की अंतिम कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ A. $799
✗ B. $780
✗ C. $899
✓ D. $816

**Q.3** तीन संख्याएँ 3 : 2 : 13 के अनुपात में हैं, और उनका LCM 2574 है। उनका HCF कितना है?

**Ans**
✗ A. 43
✗ B. 23
✗ C. 76
✓ D. 33

**Q.4** दो पाइप - A और B, एक टंकी को क्रमशः 20 मिनट और 30 मिनट में भर सकते हैं। एक निकास पाइप C इसे 60 मिनट में खाली कर सकता है। तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं। 10 मिनट बाद पाइप C को बंद कर दिया जाता है, तो टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

**Ans**
✗ A. 15 मिनट
✗ B. 17 मिनट
✓ C. 14 मिनट
✗ D. 12 मिनट

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.5 अमित और राघव एक व्यवसाय में 5 : 7 के अनुपात में निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ ₹48,000 है, तो राघव का हिस्सा कितना है?

Ans
✔ A. ₹28,000
✗ B. ₹32,000
✗ C. ₹26,000
✗ D. ₹30,000

Q.6 एक पेन की कीमत ₹47 है। एक स्कीम "4 खरीदें, और 1 पर 50% की छूट पाएं" का ऑफर देती है। प्रति पेन की प्रभावी कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹39.30
✗ B. ₹40.30
✗ C. ₹38.30
✔ D. ₹42.30

Q.7 एक शैक्षणिक संस्थान में, छात्र और छात्राओं का अनुपात 4 : 3 है। उन्ही छात्राओं और अध्यापक वर्ग का अनुपात 8 : 1 है। कुल विद्यार्थियों (छात्र + छात्राएँ) और अध्यापक वर्ग का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 56 : 3
✗ B. 21 : 2
✗ C. 27 : 1
✗ D. 66 : 7

Q.8 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

53, 46, 55, 53, 40, 48, 53, 47, 41, 54, 43, 55, 54, 51, 43, 42, 44, 47

Ans
✗ A. 55
✗ B. 46
✔ C. 53
✗ D. 48

Q.9 एक बेलनाकार पाइप की बाह्य त्रिज्या 8 cm और आंतरिक त्रिज्या 7 cm है। यदि इसकी लंबाई 20 cm है, तो पाइप में प्रयुक्त पदार्थ का आयतन ज्ञात कीजिए। (π = 3.14 का उपयोग कीजिए)

Ans
✗ A. 320 घन cm
✗ B. 201 घन cm
✗ C. 192 घन cm
✔ D. 942 घन cm

Q.10 35 cm त्रिज्या और 50 cm ऊँचाई वाले एक ठोस बेलन को पिघलाकर छोटे-छोटे एकसमान बेलनों में ढाला जाता है, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 3.5 cm और ऊँचाई 15 cm है। ऐसे कितने पूर्ण छोटे बेलन बनते हैं?

Ans
✗ A. 260
✔ B. 333
✗ C. 121
✗ D. 222

Q.11 तीन कक्षाओं में क्रमशः 60, 40 और 50 विद्यार्थी हैं। उनके औसत अंक क्रमशः 65, 72 और 60 हैं। सभी 150 विद्यार्थियो का संयुक्त औसत अंक कितना है?

Ans
✗ A. 60
✗ B. 67
✗ C. 70
✔ D. 65.2

Q.12 निम्नलिखित में से किस राशि (₹ में) पर12% की वार्षिक ब्याज दर से 4 वर्षों में ₹1,320 का साधारण ब्याज प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 5,500
- ✗ B. 633.6
- ✗ C. 1,375
- ✓ D. 2,750

Q.13 पाँच वर्ष पहले, राहुल की आयु अपने भाई की दोगुनी थी। यदि राहुल अपने भाई से 10 वर्ष बड़ा है, तो राहुल की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 30 वर्ष
- ✓ B. 25 वर्ष
- ✗ C. 15 वर्ष
- ✗ D. 20 वर्ष

Q.14 दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य 210 है और उनका महत्तम समापवर्तक 3 है। यदि पहली संख्या को 3 से विभाजित किया जाए, तो भागफल 7 और शेषफल 0 प्राप्त होता है। दूसरी संख्या कितनी है?

Ans
- ✗ A. 60
- ✓ B. 30
- ✗ C. 25
- ✗ D. 35

Q.15 दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 26 है और उनका गुणनफल 144 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 16
- ✗ C. 13
- ✗ D. 5

Q.16 n का वह न्यूनतम मान कितना होना चाहिए, ताकि संख्या 5135n2, 9 से विभाज्य हो जाए?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 4
- ✗ C. 5
- ✓ D. 2

Q.17 एक ट्रेन A एक स्थिर खंभे को 24 सेकंड में पार करती है। वही ट्रेन विपरीत दिशा से आ रही 150 m लंबी दूसरी ट्रेन B को 20 सेकंड में पूरी तरह से पार कर जाती है। ट्रेन B की चाल 54 km/h है। ट्रेन A की लंबाई और चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 500 m और 135 km/h
- ✗ B. 600 m और 135 km/h
- ✓ C. 900 m और 135 km/h
- ✗ D. 900 m और 134 km/h

Q.18 एक व्यक्ति अपनी आय का 75% खर्च करता है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि होती है और उसके खर्च में 10% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में प्रतिशत परिवर्तन क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 50% की वृद्धि
- ✗ B. 25% की वृद्धि
- ✗ C. 40% की वृद्धि
- ✗ D. 60% की वृद्धि

Q.19 नीचे दिए गए व्यंजकों में से किसका मान $\cos^2(\theta) + \sin^2(\theta)$ के मान के बराबर है?

Ans
- ✗ A. $\text{cosec}^2(\theta) + \cot^2(\theta)$
- ✓ B. $1 + \tan^2(\theta) + (1 - \sec^2(\theta))$
- ✗ C. $1 + \tan^2(\theta) - (1 - \sec^2(\theta))$
- ✗ D. $\text{cosec}^2(\theta) + \sec^2(\theta)$

Q.20 यदि 37, 25 और 888 का चतुर्थानुपाती x है, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 800
- ✗ B. 400
- ✗ C. 500
- ✓ D. 600

Q.21 एक पुस्तक की कीमत ₹200 से बढ़ाकर ₹220 कर दी गई है। कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
- ✗ A. 12%
- ✓ B. 10%
- ✗ C. 5%
- ✗ D. 8%

Q.22 प्रतिदिन ऑफिस जाने वाला एक व्यक्ति प्राय: 40 km/hr की चाल से गाड़ी चलाकर समय पर ऑफिस पहुँच जाता है। एक दिन, ट्रैफिक जाम के कारण, वह 30 km/hr की चाल से गाड़ी चलाता है और 20 मिनट देरी से पहुँचता है। उसके ऑफिस की दूरी कितनी है?

Ans
- ✓ A. 40 km
- ✗ B. 60 km
- ✗ C. 50 km
- ✗ D. 30 km

Q.23 एक दुकानदार एक वस्तु को 20% के लाभ पर ₹1,200 में बेचता है। उसे उस वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए ताकि उसे 10% की हानि हो?

Ans
- ✗ A. ₹980
- ✗ B. ₹875
- ✗ C. ₹950
- ✓ D. ₹900

Q.24 यदि $(3^{-22} + 3^{-19} + 3^{-17} + 3^{-16}) = k(3^{-24})$ है, तो $k$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 9000
- ✗ B. 1000
- ✗ C. 900
- ✗ D. 3000

Q.25 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 19 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 19 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✓ C. 1
- ✗ D. 3

Q.26 किसी धनराशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर निवेश किया जाता है। 3 वर्ष बाद अर्जित साधारण ब्याज ₹1,920 है। निवेशित मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹7,500
- ✗ B. ₹6,000
- ✓ C. ₹8,000
- ✗ D. ₹9,000

Q.27 ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB || DC है और E तथा F क्रमशः विकर्ण AC और BD के मध्य बिंदु हैं। यदि AB = 21 cm, BC = 33 cm, DC = 11 cm और AD = 52 cm है, तो EF की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 5
- ✗ B. 6
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.28 7-अंकों की संख्या 77A444B, 24 से विभाज्य है। (A + B) का अधिकतम मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 15
- ✗ C. 13
- ✓ D. 16

Q.29 यदि $2^x - 2^{x-1} = 32$ है, तो $\frac{2x-1}{2x+3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{11}{12}$
- ✗ B. $\frac{11}{13}$
- ✗ C. $\frac{11}{14}$
- ✓ D. $\frac{11}{15}$

Q.30 दो संख्याओं का अंतर 8 है। यदि बड़ी संख्या का दोगुना, छोटी संख्या के तीन गुना से 4 अधिक है, तो बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 18
- ✗ B. 16
- ✓ C. 20
- ✗ D. 14

## Section : General Awareness

Q.31 भारत में नदियों और नहरों के माध्यम से नौवहन के विकास और विनियमन के लिए कौन-सा संगठन उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. केंद्रीय जल आयोग
- ✗ B. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
- ✓ C. भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
- ✗ D. भारतीय नौवहन निगम

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.32 जून 2025 में, हेग (24–25 जून) में नीदरलैंड्स द्वारा पहली बार किस प्रमुख शिखर सम्मेलन की मेजबानी की गई थी?

Ans
- ✗ A. ASEAN शिखर सम्मेलन
- ✓ B. NATO शिखर सम्मेलन
- ✗ C. EU-27 शिखर सम्मेलन
- ✗ D. G7 शिखर सम्मेलन

Q.33 1830-31 में पुनःस्थापित वाडियार प्रशासन (Wodeyar administration) के विरुद्ध मैसूर विद्रोह का मुख्य कारण कौन-सा कारक था?

Ans
- ✗ A. सिंचाई का प्रसार जिससे कृषि देय राशि की लागत कम हो गई
- ✗ B. किसानों को लेवी से बचाने के लिए बनाई गई संरक्षणवादी नीतियां
- ✗ C. कानून-व्यवस्था में कमी जिससे स्थानीय प्रमुखों की शक्ति सुदृढ़ हुई
- ✓ D. राजस्व के बढ़ते दबाव के कारण अंततः कृषकों पर अत्यधिक बोझ पड़ना

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सी दो परंपराएँ भारतीय शास्त्रीय संगीत की दो मुख्य शाखाएँ हैं?

Ans
- ✗ A. हिंदुस्तानी और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत
- ✗ B. कर्नाटक शैली और राजस्थानी लोक संगीत
- ✗ C. जनजातीय लोक संगीत और भक्ति संगीत
- ✓ D. हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत

Q.35 पाइका विद्रोह (1817), जिसे सबसे प्रारंभिक उपनिवेश-विरोधी विद्रोहों में से एक माना जाता है, किस क्षेत्र में हुआ था?

Ans
- ✗ A. असम
- ✓ B. ओडिशा
- ✗ C. महाराष्ट्र
- ✗ D. बंगाल

Q.36 कोपेन की जलवायु वर्गीकरण योजना के अनुसार, सामुद्रिक पश्चिमी तटीय जलवायु (Cfb) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. यहाँ 20cm से कम वार्षिक वर्षा होती है।
- ✓ B. महासागरीय प्रभाव के कारण इसमें दैनिक और वार्षिक तापमान में बहुत कम उतार-चढ़ाव होता है।
- ✗ C. यहां ग्रीष्म ऋतु में शुष्क मौसम स्पष्ट दिखाई देता है।
- ✗ D. यह महाद्वीपों के तटीय क्षेत्रों से दूर, आंतरिक हिस्सों में पायी जाती है।

Q.37 कंप्यूटर की विशेषताओं के संबंध में कौन-सा कथन सत्य या असत्य है?

(i) सटीकता, त्रुटिपूर्ण इनपुट होने पर भी आउटपुट में शून्य त्रुटियों की गारंटी देती है।
(ii) कोई IQ न होने का अर्थ है कि कंप्यूटर यूज़र या प्रोग्रामर के स्पष्ट अनुदेशों के बिना कार्य नहीं कर सकता है।

Ans
- ✗ A. (i) सत्य, (ii) सत्य
- ✗ B. (i) असत्य, (ii) असत्य
- ✓ C. (i) असत्य, (ii) सत्य
- ✗ D. (i) सत्य, (ii) असत्य

Q.38 अप्रैल 2025 में नई दिल्ली में प्रकाशित उस पुस्तक का शीर्षक क्या है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संस्कृति पर दिए गए भाषणों का संकलन किया गया है?

Ans
- ✗ A. भारत की सांस्कृतिक यात्रा
- ✓ B. संस्कृति का पांचवा अध्याय
- ✗ C. संस्कृति और विरासत पर मोदी
- ✗ D. संस्कृति के शिल्पकार

**Q.39** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, वायु दाब के क्षैतिज वितरण को प्रभावित नहीं करता है?

Ans
- ✗ A. जल वाष्प की उपस्थिति
- ✗ B. वायु तापमान
- ✓ C. महासागर लवणता
- ✗ D. पृथ्वी का घूर्णन

**Q.40** भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत, किन राज्यों को राज्य की परिभाषा से बाहर रखा गया है?

Ans
- ✗ A. असम, मणिपुर, मेघालय
- ✗ B. असम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम
- ✓ C. असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम
- ✗ D. असम, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैंड

**Q.41** एनालेना बेरबॉक (Annalena Baerbock), जिन्होंने 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, किस देश से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ A. ऑस्ट्रिया
- ✓ B. जर्मनी
- ✗ C. डेनमार्क
- ✗ D. चेक रिपब्लिक

**Q.42** 26 सितंबर 2025 को मनाए गए विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम क्या थी?

Ans
- ✓ A. स्वच्छ हवा, स्वस्थ लोग
- ✗ B. हमारे ग्रह की रक्षा
- ✗ C. सबके लिए जल
- ✗ D. प्लास्टिक-मुक्त भविष्य

**Q.43** पुरुषों की हॉकी में भारत की चौथी एशिया कप जीत (2025) कितने वर्षों के बाद मिली जीत है?

Ans
- ✗ A. 5 वर्ष
- ✗ B. 10 वर्ष
- ✓ C. 8 वर्ष
- ✗ D. 12 वर्ष

**Q.44** वोल्ट प्रति एम्पीयर मात्रक द्वारा दर्शाई गई राशि किस विद्युत मात्रक के अनुरूप है?

Ans
- ✓ A. ओम
- ✗ B. वाट
- ✗ C. कूलाम
- ✗ D. जूल

**Q.45** वर्ष 1952 से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवंटित राज्य सभा सीटों की संख्या में उतार-चढ़ाव के लिए कौन-से कारक उत्तरदायी रहे हैं?

Ans
- ✗ A. सर्वोच्च सर्वोच्च के निर्णय
- ✗ B. राष्ट्रपति की शक्तियों में परिवर्तन
- ✗ C. आर्थिक सुधार
- ✓ D. राज्यों का पुनर्गठन और नए राज्यों का गठन

**Q.46** अक्टूबर 2025 में, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए समग्र श्रम बल सहभागिता दर (LFPR) बढ़कर कितने प्रतिशत हो गई?

Ans
- ✗ A. 56.1%
- ✗ B. 54.2%
- ✓ C. 55.4%
- ✗ D. 55.0%

Q.47 1980 के दशक से ब्राज़ील के बदलाव की विशेषता कौन-सा जनसांख्यिकीय परिवर्तन है?

Ans

A. कम दीर्घायु वाले अधिक जन्म

B. आप्रवासन के साथ स्थिर जननक्षमता

C. जन्म और मृत्यु दर में गिरावट

D. शहरी मृत्यु दर में वृद्धि

Q.48 दयानंद सरस्वती की अवधि के दौरान, आर्य समाज की सभाओं की एक अद्वितीय विशेषता निम्नलिखित में से कौन-सी थी?

Ans

A. ये आयोजन केवल मंदिरों में ही होते थे

B. इनमें जन्तु बलि शामिल थी

C. केवल ब्राह्मण ही शामिल हो सकते थे

D. महिलाओं ने समान रूप से भाग लिया

Q.49 एक यूज़र Reports नाम के फ़ोल्डर को जल्दी से एक्सेस करना चाहता है, जिसका अक्सर उपयोग किया जाता है, लेकिन यह दिए गए पाथ: **C:\Users\Public\Documents\Projects\2020_Q2\Reports** में काफी अंदर स्थित है। Windows File Explorer का कौन-सा फ़ीचर फ़ाइल एक्सप्लोरर विंडो के अंदर ही इस फ़ोल्डर का वन-क्लिक शॉर्टकट बनाने का सबसे अच्छा तरीका प्रदान करता है?

Ans

A. एक नई लाइब्रेरी बनाना और फ़ोल्डर को इसमें शामिल करना

B. फ़ोल्डर को नए Network Drive के तौर पर मैप करना

C. फ़ोल्डर को स्टार्ट मेन्यू में पिन करना

D. फ़ोल्डर को Quick Access सेक्शन में ऐड करना

Q.50 विधान परिषद अपने सभापति का चुनाव किस प्रकार करती है?

Ans

A. लोकसभा के सदस्यों द्वारा निर्वाचित करके

B. विधान परिषद के सदस्यों द्वारा निर्वाचित करके

C. राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त करके

D. राज्यपाल द्वारा मनोनीत

Q.51 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक वैश्वीकरण को बढ़ावा नहीं देता है?

Ans

A. व्यापार बाधाओं का निवारण

B. राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों का निजीकरण

C. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)

D. घरेलू बाजारों में सब्सिडी और संरक्षणवाद

Q.52 निम्नलिखित में से किस तटीय मैदान में अनियमित, दंतुरित तटरेखाएँ (indented coastlines) और प्राकृतिक बंदरगाह हैं?

Ans

A. काठियावाड़ मैदान

B. पूर्वी तटीय मैदान

C. कोंकण क्षेत्र

D. कच्छ का रण

Q.53 निम्नलिखित में से किस ग्रंथ को प्रारंभिक वैदिक लोगों के जीवन को चित्रित करने वाली सबसे प्राचीन वैदिक रचना माना जाता है?

Ans

A. ऋग्वेद

B. अथर्ववेद

C. सामवेद

D. यजुर्वेद

| | | |
|---|---|---|
| Q.54 | अगस्त 2025 में, प्रधानमंत्री मोदी ने दुश्मन की रक्षा घुसपैठ को रोकने और भारत की आक्रमण क्षमता को बढ़ाने के लिए किस मिशन की घोषणा की थी? | |
| Ans | ✗ A. अग्नि-V शील्ड मिशन (Agni-V Shield Mission) | |
| | ✗ B. प्रोजेक्ट कुशा (Project Kusha) | |
| | ✓ C. सुदर्शन चक्र मिशन (Sudarshan Chakra Mission) | |
| | ✗ D. मिशन त्रिशूल (Mission Trishul) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | अपचयोपचय अभिक्रिया में ऑक्सीकरण में निम्नलिखित में से क्या शामिल होता है? | |
| Ans | ✗ A. इलेक्ट्रॉनों की प्राप्ति | |
| | ✗ B. प्रोटॉनों की प्राप्ति | |
| | ✗ C. प्रोटॉनों का निष्कासन | |
| | ✓ D. इलेक्ट्रॉनों का निष्कासन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | रंगराजन समूह ने भविष्य में गरीबी रेखा को अद्यतन करने की अनुशंसा किस प्रकार की? | |
| Ans | ✗ A. किसी निरपेक्ष माप की तुलना में सापेक्ष गरीबी माप का उपयोग करके | |
| | ✓ B. NSSO के आंकड़ों के साथ फिशर सूचकांक (Fisher Index) का उपयोग करके | |
| | ✗ C. राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (National Accounts Statistics) पर निर्भर रहकर | |
| | ✗ D. गरीबी रेखा की अवधारणा को पूरी तरह से समाप्त करके | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | निम्नलिखित में से क्या, नवंबर 2016 में लागू की गई विमुद्रीकरण पहल का मुख्य उद्देश्य नहीं था? | |
| Ans | ✗ A. भ्रष्टाचार और काले धन पर अंकुश लगाना | |
| | ✗ B. जाली मुद्रा और आतंकी वित्तपोषण को कम करना | |
| | ✓ C. नकदी लेनदेन पर निर्भरता बढ़ाना | |
| | ✗ D. डिजिटल भुगतान और कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | CSE क्लासरूम में समूह परियोजना के दौरान फाइल शेयर करते समय, LAN किन डिवाइसों को प्रत्यक्ष रूप से कनेक्ट करता है? | |
| Ans | ✗ A. विभिन्न महाद्वीपों में फैले वैश्विक इंटरनेट सर्वर | |
| | ✗ B. ब्लूटूथ पेयरिंग के माध्यम से जुड़े प्रिंटर | |
| | ✓ C. एक ही भवन के भीतर स्थित स्थानीय कंप्यूटर | |
| | ✗ D. केवल दूरस्थ क्षेत्रों के लिए सैटेलाइट फ़ोन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.59 | भारतीय संविधान के आपातकालीन प्रावधानों में प्रयुक्त वाक्यांश "आंतरिक अशांति" को किस पद से प्रतिस्थापित किया गया था? | |
| Ans | ✗ A. राष्ट्रीय अस्थिरता | |
| | ✗ B. नागरिक असंतोष | |
| | ✗ C. आंतरिक सुरक्षा खतरा | |
| | ✓ D. सशस्त्र विद्रोह | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.60 | संविधान के अनुसार, पंचायतों और नगर पालिकाओं के चुनावों का प्रबंधन किस निकाय द्वारा किया जाता है? | |
| Ans | ✗ A. केंद्रीय निर्वाचन आयोग | |
| | ✗ B. लोकसभा सचिवालय | |
| | ✗ C. जिला मजिस्ट्रेट | |
| | ✓ D. राज्य निर्वाचन आयोग | |

Q.61 भारत में मेट्रो ट्रेनें मुख्यतः भारत सरकार के किस मंत्रालय के साथ साझेदारी में निर्मित और संचालित की जाती हैं?

Ans
- ✔ A. शहरी विकास मंत्रालय
- ✗ B. नागर विमानन मंत्रालय
- ✗ C. सड़क परिवहन मंत्रालय
- ✗ D. रेल मंत्रालय

Q.62 मटर के पौधों में लक्षणप्ररूप बौना आकार किस युग्म विकल्पी (अलील) संयोजन द्वारा व्यक्त होता है?

Ans
- ✔ A. tt
- ✗ B. tT
- ✗ C. TT
- ✗ D. Tt

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सी शॉर्टकट कुंजी (key) एमएस विंडोज (MS Windows) में प्रत्यक्ष रूप से फाइल एक्सप्लोरर (File Explorer) ओपन करती है?

Ans
- ✗ A. Shift + E
- ✗ B. Alt + E
- ✗ C. Ctrl + E
- ✔ D. Windows logo key + E

Q.64 अपच के दौरान प्रतिअम्ल दर्द को कैसे कम करते हैं?

Ans
- ✗ A. आमाशय की दीवारों को मोटा करके
- ✗ B. अम्ल उत्पादन में वृद्धि करके
- ✗ C. भोजन के सेवन कम करके
- ✔ D. आमाशय में मौजूद अतिरिक्त अम्ल को उदासीन करके

Q.65 वेदों में सबसे प्राचीन ऋग्वेद में मुख्य रूप से निम्नलिखित में से क्या शामिल है?

Ans
- ✗ A. दार्शनिक निबंध
- ✔ B. सुक्त
- ✗ C. धार्मिक नियमावली
- ✗ D. महाकाव्य कथाएँ

Q.66 एशिया पावर इंडेक्स 2025 में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया है?

Ans
- ✗ A. दूसरा
- ✗ B. पहला
- ✔ C. तीसरा
- ✗ D. चौथा

Q.67 निम्नलिखित में से किसने घोड़ों की ब्रांडिंग (दाग़) और सैनिकों का विस्तृत विवरण (चेहरा) रखने की प्रणाली शुरू की?

Ans
- ✗ A. मुहम्मद बिन तुगलक
- ✔ B. अलाउद्दीन खिलजी
- ✗ C. इल्तुतमिश
- ✗ D. बलबन

Q.68 भारतीय शास्त्रीय वाद्य-यंत्र संतूर को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए किसे जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. पंडित रविशंकर
- ✗ B. उस्ताद अमजद अली खान
- ✔ C. पंडित शिवकुमार शर्मा
- ✗ D. पंडित हरिप्रसाद चौरसिया

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.69 निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता हड़प्पाकालीन सड़क नियोजन (Harappan street planning) की एक विशिष्ट विशेषता थी?

Ans
- ✗ A. साधारण सड़कों की जगह ऊंचे पत्थर के पुल बनाए जा रहे हैं।
- ✗ B. एक केंद्रीय चौक से बाहर की ओर फैली चौड़ी गोलाकार सड़कें
- ✗ C. यातायात प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन की गई संकरी, टेढ़ी-मेढ़ी सड़कें
- ✓ D. सड़कें समकोण पर एक दूसरे को काटती हैं जिससे एक आड़ी-तिरछी आकृति बनती है।

Q.70 भारत के संविधान में निम्नलिखित में से कौन-सा संशोधन केंद्र और राज्यों दोनों को माल और सेवा कर (GST) के उद्ग्रहण की स्वीकृति देता है?

Ans
- ✓ A. 101वां संशोधन, 2016
- ✗ B. 80वां संशोधन, 2000
- ✗ C. 67वां संशोधन, 1990
- ✗ D. 74वां संशोधन, 1992

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LJL MKM NLN OMO ?

Ans
- ✗ A. POO
- ✗ B. PQS
- ✓ C. PNP
- ✗ D. PMO

Q.72 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की ओर की जानी चाहिए।)
(बाएँ) I G I H C Y A O Z L K E P D J C O P T I R G (दाएँ)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 3
- ✓ C. 4
- ✗ D. 6

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. HL – FD
- ✗ B. QF – MB
- ✗ C. GT – CP
- ✗ D. NV – JR

Q.74 मिस्टर योरली, बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और पूर्व की ओर 29 km चलते हैं। वह फिर दाईं ओर मुड़ते हैं, 16 km चलते हैं, दाईं ओर मुड़ते हैं और 39 km चलते हैं। वह फिर दाईं ओर मुड़ते हैं और 9 km चलते हैं। वह फिर दाईं ओर मुड़ते हैं और 6 km चलते हैं, बाईं ओर मुड़ते हैं और 3 km चलते हैं। वह अंत में दाईं ओर मुड़ते हैं, 4 km चलते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। फिर से बिंदु A पर पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्युनतम दूरी) और किस दिशा में चलना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न हो जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 7 km पश्चिम की ओर
- ✗ B. 8 km पूर्व की ओर
- ✓ C. 4 km उत्तर की ओर
- ✗ D. 6 km दक्षिण की ओर

Q.75 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की ओर की जानी चाहिए।) (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।)
(बाएँ) 5 4 3 1 6 8 8 1 5 7 7 7 4 1 6 2 7 9 1 3 9 7 7 3 9 2 6 (दाएँ)
ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✗ C. 5
- ✓ D. 3

Q.76 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 8 7 1 9 3 4 1 2 3 7 5 7 7 8 5 6 6 1 6 3 7 3 5 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद भी एक सम अंक है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. एक भी नहीं

Q.77 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
211, 219, 235, 259, 291, ?

Ans
- ✗ A. 330
- ✗ B. 321
- ✓ C. 331
- ✗ D. 341

Q.78 एक निश्चित कूट भाषा में, 'salt elbow care' को 'zh pv nf' के रूप में और 'night care jar' को 'ab po zh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'care' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. ab
- ✓ B. zh
- ✗ C. pv
- ✗ D. nf

Q.79 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

39 – 15 ÷ 3 + 124 × 4 = ?

Ans
- ✗ A. 50
- ✓ B. 53
- ✗ C. 59
- ✗ D. 52

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से DIOR का संबंध AEJL से है। उसी प्रकार, RSUT का संबंध OOPN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, IGFB का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?


Ans
- ✓ A. FCAV
- ✗ B. FVCA
- ✗ C. FAVC
- ✗ D. FCVA

Q.81 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(15, 12, 37)
(25, 15, 50)

Ans
- ✔ A. (2, 8, 20)
- ✗ B. (18, 17, 42)
- ✗ C. (23, 5, 40)
- ✗ D. (24, 10, 40)

Q.82 निम्नांकित आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएँ, व्यक्तियों की संख्या को इंगित करती हैं। (नोट: आपको दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो।)
ऐसे कितने सलाहकार हैं, जो बैंकर होने के साथ-साथ वकील भी हैं?




Ans
- ✗ A. 17
- ✗ B. 11
- ✔ C. 32
- ✗ D. 25

Q.83 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
BMS EPV HSY KVB ?

Ans
- ✗ A. NYD
- ✗ B. NXE
- ✗ C. OYE
- ✔ D. NYE

Q.84 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

51 78 132 213 321 ?

Ans
- ✗ A. 462
- ✔ B. 456
- ✗ C. 448
- ✗ D. 450

| | | |
|---|---|---|
| Q.85 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ A. ZWX<br>✓ B. PNN<br>✗ C. FCD<br>✗ D. KHI | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.86 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A = B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A $ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'W = F $ K @ L * G' है, तो W का G से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✗ A. माता के भाई का पुत्र<br>✗ B. बहन का पुत्र<br>✓ C. माता की बहन का पुत्र<br>✗ D. पिता की बहन का पुत्र | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.87 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br><br>GCH 10, DZE 21, AWB 32, XTY 43, ? | |
| Ans | ✗ A. UQB 56<br>✓ B. UQV 54<br>✗ C. LFY 58<br>✗ D. KPT 56 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.88 | सात डिब्बे A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि उनका क्रम यही हो। केवल G को E के ऊपर रखा गया है। केवल C को E और A के बीच रखा गया है। केवल F को B के नीचे रखा गया है। C और F के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? | |
| Ans | ✗ A. 1<br>✗ B. 4<br>✓ C. 3<br>✗ D. 2 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.89 | नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन करें। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>VXW–UWV<br>WYX–VXW | |
| Ans | ✗ A. BCA–ACB<br>✗ B. BDC–ZCA<br>✗ C. BCA–ZBA<br>✓ D. BDC–ACB | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.90 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br>220 C 56 A 14 D 17 B 12 =? | |
| Ans | ✗ A. 36<br>✓ B. 20<br>✗ C. 30<br>✗ D. 24 | |

Q.91 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते है?

कथन: कुछ दरवाजे, पंखुड़ियाँ हैं। कुछ फूल, पंखुड़ियाँ हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ फूल, दरवाजे हैं।
निष्कर्ष (II): सभी पंखुड़ियाँ, फूल हैं।

Ans

✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.92 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। D को सबसे नीचे से तीसरे स्थान पर रखा जाता है। C को A के ऊपर लेकिन D के नीचे रखा जाता है। G और F के बीच केवल दो बक्से रखे जाते हैं। E को F के ऊपर लेकिन B के नीचे रखा जाता है। E और D के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans

✗ A. दो

✗ B. एक भी नहीं

✓ C. एक

✗ D. तीन

Q.93 किसी निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M x N ÷ O – P + Q – R' है, तो M का R से क्या संबंध है?

Ans

✗ A. पिता

✓ B. माता के पिता

✗ C. भाई

✗ D. पिता के पिता

Q.94 सात व्यक्ति F, G, H, L, M, O और Q एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर केवल H बैठा है। G और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, O के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है लेकिन M के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। M और O के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans

✗ A. चार

✗ B. दो

✓ C. तीन

✗ D. एक

Q.95 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। G और B के बीच केवल दो बक्से रखे हैं। C के ऊपर केवल D रखा है। B के नीचे कोई बक्सा नहीं है। F, A के नीचे किसी स्थान पर और E के ऊपर किसी स्थान पर रखा है। D और E के बीच कितने बक्से हैं?

Ans

✗ A. 2

✓ B. 4

✗ C. 1

✗ D. 3

Q.96 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FISH' को '1963' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'HITS' को '6983' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 9
- ✗ C. 6
- ✓ D. 8

Q.97 संख्या 73912685 के प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.98 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेटों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
NPS : KMP
DOQ : ALN

Ans
- ✗ A. DHG : BEC
- ✗ B. SEL : OAI
- ✓ C. HDP : EAM
- ✗ D. EHL : CFI

Q.99 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. LO - KN
- ✗ B. PS - OR
- ✗ C. FI - EH
- ✓ D. KN - JL

Q.100 A, B, D, J, O, T और Z एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के दाएं से गिनने पर, B और D के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। O और T, J के निकटतम पड़ोसी हैं। A के बाएं से गिनने पर, A और Z के बीच ठीक चार व्यक्ति बैठे हैं। O या D का निकटतम पड़ोसी Z नहीं है। D के बाएं से गिनने पर, D और Z के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

"